# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 07.02.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम आज शाम पहुंचेंगे रांची, कल जमशेदपुर में कई स्थानीय कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा।
- केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और संजय सेठ ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को बताया किसान हितैषी, कहा–कृषि, डेयरी और अनाज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को मिलेगी पूर्ण सुरक्षा।
- राज्य के सभी 48 नगर निकायों में होने वाले चुनाव के लिए किया जा रहा है चुनाव चिन्हों का आवंटन, कल से जोर पकड़ेगा प्रचार अभियान।
- कोडरमा में एक साथ 10 बिरहोर बच्चे लापता, तलाश में जुटी पुलिस, मानव तस्करी समेत विभिन्न पहलुओं पर जांच जारी।
- बोकारो में हाथियों का उत्पात जारी, दो लोगों को कुचल कर मार डाला, तीन बच्चों सहित चार घायल, दो दिनों में पांच लोगों की गयी जान।

********************

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम आज शाम दिल्ली से रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे और वहां से सीधे सर्किट हाउस जाएंगे, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे। कल वे रांची से सड़क मार्ग द्वारा जमशेदपुर के लिए रवाना होंगे। वहां वे विभिन्न स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम को ओडिशा के बारीपदा के लिए प्रस्थान करेंगे।

********************

भाजपा सांसद और रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को किसान हितैषी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता कृषि, डेयरी और अनाज जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है। गैर–टैरिफ बाधाएं कम होने से ऑर्गेनिक व प्रोसेस्ड फूड के निर्यात और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी। श्री सेठ ने केन्द्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि एमएसएमई सेक्टर में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं।

********************

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भारत–अमेरिका व्यापार समझौते की सराहना करते हुए कहा कि इसमें डेयरी, फल और मसालों जैसे प्रमुख कृषि उत्पादों को पूर्ण सुरक्षा दी गई है। संजय सेठ की तरह उन्होंने भी जोर दिया कि यह संतुलित व्यवस्था स्थानीय किसानों के हितों की रक्षा करते हुए उन्हें वैश्विक अवसर प्रदान करेगी।

********************

राज्य के 48 नगर निकायों के लिए आज चुनाव चिन्हों का आवंटन किया जा रहा है। इसके साथ ही चुनावी जंग औपचारिक रूप से शुरू हो जाएगी। प्रत्याशी अब घर–घर जाकर जनसंपर्क और प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंकेंगे, जिससे राजनीतिक सरगर्मी और तेज होने की उम्मीद है। निकाय चुनाव के लिए वोट 23 फरवरी को डाले जायेंगे जबकि मतों की गिनती 27 फरवरी को होगी।

********************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नगर निकाय चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा में कार्यकर्ताओं की भारी संख्या है, इसलिए दावेदार अधिक हो सकते हैं, लेकिन इसे गुटबाजी कहना गलत है।

********************

इस बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने पार्टी समर्थित प्रत्याशियों की जीत का दावा किया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि नगर निकाय के चुनाव में भी भाजपा को मुहंतोड़ जवाब दिया जायेगा।

********************

रांची एसएसपी राकेश रंजन ने ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए अवैध पार्किंग और अतिक्रमण पर भारी जुर्माने का आदेश दिया है। अब स्मार्ट सिटी कैमरों से ऑनलाइन चालान कटेंगे और व्यस्त समय में प्रमुख चौक–चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। ई–रिक्शा और ऑटो के लिए ठहराव स्थल भी निर्धारित किए जाएंगे।

********************

कोडरमा के जयनगर से 1 फरवरी से लापता 10 बिरहोर बच्चों का एक सप्ताह बाद भी सुराग नहीं मिला है। डीएसपी दिवाकर कुमार के नेतृत्व में पुलिस की विशेष टीमें अब सक्रिय हुई हैं। परिजनों ने देरी से सूचना दी, जिससे जांच में चुनौती बढ़ गई है। पुलिस अब मानव तस्करी समेत सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

********************

बोकारो के महुआटांड़ में हाथियों का तांडव जारी है। आज गंगपुर गांव में एक घर पर हाथियों के हमले के दौरान दो लोगों की मौत हो गई। घटना में तीन बच्चों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हैं। दो दिनों में हाथियों ने इलाके में कुल 5 लोगों की जान ले ली है। डीएफओ संदीप शिंदे ने बताया कि हमारी क्विक रिसपोंस टीम हाथियों को भगाने के लिए दिन–रात काम कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि रात में घरों से बाहर न निकलें।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 75 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

राज्य में अगले पांच दिनों तक मौसम मुख्य रूप से शुष्क और साफ रहने का अनुमान है, हालांकि तापमान में उतार–चढ़ाव देखने को मिलेगा। उत्तर–पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से अगले 72 घंटों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है, जिससे सुबह और रात में ठंड बढ़ेगी। 10 फरवरी को आंशिक बादल छा सकते हैं और 11 फरवरी से न्यूनतम तापमान में फिर से बढ़ोतरी शुरू होगी, जिससे ठंड से राहत मिलेगी।

********************

आईसीसी टी–20 विश्वकप टूर्नामेंट आज से शुरु गया है। भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में यह टूर्नामेंट 8 मार्च तक चलेगा। प्रतियोगिता में 20 टीमें 55 मैच खेलेंगी। आज पहले दिन तीन मैच खेले जाने हैं। पहला मैच कोलंबो में पाकिस्तान और नीदरलैंड्स के बीच जारी है। दूसरा मैच वेस्टइंडीज और स्कॉटलैंड के बीच कोलकाता में दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा।
तीसरे मैच में मौजूदा चौंपियन भारत, अमरीका के साथ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। यह मुकाबला शाम 7 बजे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। टूर्नामेंट में ग्रुप चरण के बाद सुपर–8 और नॉक–आउट राउंड रखे गए हैं।

*******समाप्त************